पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस–विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 09 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक–26.06.2024

दिनांक 25/26.06.2024 को थाना विकासनगर 02, पीजीआई 04, रहीमाबाद 02, ठाकुरगंज 01 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना काकोरी 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 09 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 मध्य

थाना हजरतगंज–दिनांक 25.06.2024 को एस0आई0 श्री प्रदीप कुमार थाना हजरतगंज द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01–शनि मैसी उर्फ छोटू पुत्र थामस मैसी पता लालबाग सुपर मार्केट हजरतगंज लखनऊ उम्र 35 वर्ष 02. आकाश पुत्र ओम प्रकाश पता–120/29 बेलदारीलेन लालबाग थाना हजरतगंज लकनऊ उम्र 19 वर्ष को आपस में रूपयों की हारजीत की बाजी लगाकर सट्टा पर्ची द्वारा सट्टा खेलते व खिलवाते समय सुपर मार्केट सुशील की दुकान के पास से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 05 अदद सट्टा पर्ची, 01 अदद डायरी व 570 रूपये नगद बरामद कर थाना हजरतगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

थाना वजीरगंज–दिनांक 26.06.2024 को थाना वजीरगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री जाहिद हुसैन पुत्र अब्दुल करीब निवासी–म0नं0 ए95/165–मेडई का पुरवा मायानगर निरालानगर लखनऊ ने थाना वजीरगंज पर सूचना दिया कि आज दिनांक 26.06.2024 को सयम करीब 10.30 बजे से 11.00 बजे सुबह के बीच में वादी का पुत्र मो0 रिजवान साइकिल से अपने निजी काम से जा रहा था कि रास्ते में सिटी स्टेशन के पास शहर नर्सिंग होम के सामने रोडवेज बस सं0–यूपी 34 एटी 0024 के चालक नाम पता अज्ञात द्वारा बस को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर वादी के पुत्र के उक्त साइकिल में टक्कर मारकर उसके ऊपर से निकलकर भाग गया, जिससे वादी के पुत्र रिजवान उम्र करीब 40 वर्ष की मौके पर ही मृत्यु हो गयी । **इस सूचना पर थाना वजीरगंज पर मु0अ0सं0–196/2024 धारा 279/304ए भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना हसनगंज–दिनांक 26.06.2024 को थाना हसनगंज द्वारा बताया गया कि श्रीमती मनीषा कश्यप पत्नी सचिन कश्यप निवासी–295/30, अशरफाबाद थाना चौक लखनऊ ने थाना हसनगंज पर सूचना दिया कि उनका भाई राहुल कश्यप उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र महेश कश्यप, जो कि डा0 महेश प्रसाद पाण्डेय, निवासी–कबड़ईया पुरवा, थाना हसनगंज लखनऊ के घर पर बनी क्लीनिक में पैथोलॉजी का काम देखते थे और उन्हीं के घर में बने कमरे में निवासी करते थे। आज दिनांक 26.06.2024 को समय करीब 08.45 बजे सुबह में उसे सूचना मिली कि उसके भाई राहुल कश्यप उपरोक्त ने कमरे के अन्दर छत में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जब वह मौके पर गयी तो देखा कि उसके भाई का शव का कमरे के अन्दर गले में रस्सी से बंधा लटका हुआ है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री संतोष कुमार मो0नं0 7905243704 थाना हसनगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

<u>थाना निगोहां</u>–दिनांक 26.06.2024 को थाना निगोहां द्वारा बताया गया कि श्री सुरेन्द्र कुमर पुत्र बैजनाथ निवासी–अहिनिवार, थाना निगोहां लखनऊ ने थाना निगोहां पर सूचना दिया कि आज दिनांक 26.06.2024 को उसके पुत्र प्रमोद कुमार यादव पुत्र सुरेश कुमार उम्र करीब 26 वर्ष जिसकी मृत्यु सई नदी में डूबकर हो गयी है। फिर भी सही कारण जानने के लिए अग्रिम कार्यवाही करने की कृपा करें। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री धमेन्द्र कुमार मो0नं0 7011034587 थाना निगोहां द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि प्रमोद कुमार यादव का शव सई नदी में ग्राम राठी के पास मिला है। शव करीब 02 से 03 दिन पुराना लग रहा है। कोई जाहिरा चोट निशान नही है। मृतक मजदूरी करता था। मृतक का करीब 03 वर्ष पूर्व पत्नी से तलाक हो गया था। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

<u>थाना गोसाईगंज</u>–दिनांक 26.06.2024 को थाना गोसाईगंज द्वारा बताया गया कि समय करीब 09.00 बजे सुबह में कॉलर आंकाक्षा द्वारा जरिये डायल 112 थाना स्थानीय पर बताया गया कि नयी जेल नहर हबुआ पुल से नहर में एक अज्ञात महिला कूद गयी है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री भुवान सिंह मो0नं0 8115779952 थाना गोसाईगंज द्वारा** मय पुलिस बल को मौके पर पहुंचकर नहर में कूदी महिला उपरोक्त को समय करीब 01.00 बजे दोपहर में स्थानीय लोगों की मदद से काफी खोजबीन करते हुए अंचलीखेड़ा बैराज नगराम से मृत अवस्था में निकाला गया। मृतका के शिनाख्त हेतु आस–पास के लोगों से पूछताछ करने पर मृतका की शिनाख्त सोनू पुत्र स्व0 अम्बर निवासी–सिसेंडी थाना मोहनलालगंज लखनऊ ने अपनी माता रामलली पत्नी स्व0 अम्बर उम्र करीब 52 वर्ष के रूप में की गयी। सोनू उपरोक्त द्वारा बताया गया कि उसकी माताजी अपनी बहू के घर तेलीबाग गयी हुयी थी। **शव का पंचायतनाम भरकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।**